विश्व-प्रसिद्धकला सिवस—२

शरद जोशी

नालंदा प्रकाशन
३३।१ भूलभुलैया रोड महरौली नई दिल्ली ११००३०।

आग तपा सोना

निकोलाई ऑस्त्रोव्स्की
रूपान्तरकार
प्रवतार सिंह जसवाल

विश्व प्रसिद्ध रूसी उपन्यासकार
निकोलाइ आस्त्रावस्की की अमर रचना
हाऊ दी स्टील वाज टम्पड
का सरल सक्षिप्त हिन्दी रूपान्तर

आग तपा सोना

निकोलाई ऑस्त्रोवस्की

रूपान्तरकार

अवतार सिंह जसवाल

नालदा प्रकाशन, नई दिल्ली-३०

शरद जोशी

मूल्य 15 00 रु

- प्राग तथा माना (उपन्यास) निकोलाई ऑस्त्रोवस्की
- पुनर्मुद्रण 1987
- नालन्दा प्रकाशन नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित
- मुद्रक [illegible] दिल्ली-9[illegible]

/

तुम सब खडे हो जाओ जो ईस्टर की छुट्टियो स पहले मेर घरपर परीक्षा देने आए थे।'

यह आदेश देने वाला पादरी की पोशाक पहने एक मोटा बेडौल व्यक्ति था। आदेश का पालन हुआ। सब बच्चे, जिनमे दो लडकिया और चार लडके थे, खड हो गए। तब उसकी छोटी छोटी दो आखें छ बच्चो को ऐस घूरने लगी माना उह आर पार छेद देंगी। कुछ क्षणोपरात उसने लडकियो को बैठ जान का इशारा किया। लडकियो ने छुटकारे की सास ली। अब फादर वासिली की दहकती हुई नजरें उन चार लडको पर केन्द्रित हुइ जो एक दूसर स बिलकुल सटे हुए खडे थे।

'बोलो कौन बदमाश तम्बाकू पीता है तुम लोगा मे ?'

'हम नही पीते फादर। चारो न एकसाथ डरते-डरते उत्तर दिया।

यह सुनकर पादरी का चेहरा लाल भभूका हो गया।

'हू, तो तुमलोग तम्बाकू नही पीते, क्यो ? बदमाश कही के। तो फिर मेरे आटे म तम्बाकू किसने मिलाया था? बोलो। जरा ठहरो अभी मालूम हो जायगा कि पीते हो या नही। अपनी-अपनी जेबें उलटो। एक दम। देरी मत करो जल्दी उलटो।'

चार म स तीन लडको ने जल्दी जल्दी अपनी जेबो का सामान निकाल कर सामने मज पर रखा और जेबें उलट दी। फादर वासिली ने बारीकी स जेबो की सीवना का मुआयना किया किन्तु उह कुछ नही मिला। वह सीवना म तम्बाकू का चूरा तलाश कर रहे थे। अब पादरी साहब चौथे लडके की ओर घूमे। इस लडके की आखें काली थी और वह

बनाया था। पादरी साहब उस धर्मशास्त्र में सदा पूरे नम्बर दिया करते थे। उसने निश्चय किया कि इस बारे में वह पादरी साहब से प्रश्न करेगा अगर उन्हें आज्ञा मिलने पर।

स्कूल दर्जे के मास्टर साहब कहते हैं कि पृथ्वी करोड़ों वर्ष पुरानी है जबकि बाइबिल में लिखा है कि वह पांच हजार ...

पादरी साहब की भारी चीख ने उसकी बात बीच में ही काट दी। यहां नहीं, ऐसा अधार्मिक सवाल करने के लिए पादरी साहब ने उसका कान पकड़कर बार बार उसका सिर दीवार से टकराया था। थोड़ा देर बाद वह कक्षा से बाहर बरामदे में खड़ा था। उसका मासूम बाल हृदय किसी भी अन्याय के खिलाफ, चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो विद्रोह करता था। उस मार के लिये जो उस पर बेजा पड़ी थी वह कभी पादरी साहब को माफ नहीं कर सका और उसका मन गुस्से व नफरत से भर उठा था।

कक्षा के लड़कों की एक मर्गो बुजाक को छोड़कर जो पावेल का गहरा दोस्त था और जिसने पावेल को पादरी साहब के बावर्चीखाने में स्टर के केक के आटे में मुट्ठी भर भर की उगाई तम्बाकू छिड़कते देखा था समझ में यह बात नहीं आई कि क्यों पादरी साहब ने पावेल कोर्चागिन को कक्षा से बाहर निकाला?

••

रेलवे रेस्तरां के मालिक ने जो पीला सा अधेड़ आदमी था और जिसकी आंखें बेरंग और बुझी बुझी सी थीं, कनखियों से पावेल को देखा क्या उम्र है इसकी?

'बारह।

ठीक है। रह सकता है। हर महीने में आठ रूबल मिलेंगे। और खाना भी जिस दिन काम करेगा। एक दिन छोड़कर हर दूसरे दिन चौबीस घंटे काम करना पड़ेगा। लेकिन हां एक बात अच्छी तरह समझ लो, चोरी चकारी नहीं चलेगी।'

अरे नहीं साहब कैसी बात कहते हैं! यह चोरी नहीं करेगा। मैं इसका जिम्मा लेती हूं।' मां ने डर कर फौरन आश्वस्त करने के लिए कहा।

'तो फिर आज से ही काम शुरू कर दे', मालिक ने आदेश दिया और काउंटर के पीछे खड़ी औरत की ओर मुड़ते हुए कहा—"ज़ीना इस लड़के को बावर्चीखाने में ले जाओ और फ़ोसिया से कहो, ग्रिश्का की जगह इसको काम पर लगा दे।"

उदास आँखों से माँ ने उसे जाते हुए देखा और फिर वापस चली गई। भीतर काम जोरों से चल रहा था। रकाबियों, काँटों, छुरियों का ढेर मेज पर लगा हुआ था और बहुत सी औरतें अपने कंधों पर पड़े तौलियों से उन्हें पोंछ रही थीं। एक लड़का जिसके सिर पर बड़े-बड़े लाल लाल बालों का गुच्छा था जो पावेल से थोड़ा बड़ा था, दो बड़े समोवारों[1] को ठीक कर रहा था।

वह जगह कड़ाह में उबलते हुए पानी की भाप से भरी हुई थी। उसी पानी में रकाबियाँ धुल रही थीं। भाप के कारण पावेल उन औरतों के चेहरों को न देख सका। वह अनिश्चय की हालत में खड़ा रहा कि कोई उसे बताए कि क्या करना है।

शराबख़ाने की नौकरानी ज़ीना ने एक रकाबी धोने वाली के पास जाकर उसका कंधा छुआ और बोली—

"देखो फ़ोसिया, मैं तुम्हारे लिए ग्रिश्का की जगह एक नया लड़का ले आई हूँ। तुम इसको काम बतला दो।"

फ़ोसिया ने माथे का पसीना पोंछते हुए बड़े गौर से पावेल को सिर से पाँव तक देखा जैसे उसे परख रही हो। फिर गहरी और बड़ी प्यारी आवाज़ में बोली—"अच्छा, कुछ बहुत काम नहीं है भैया! मगर करना होगा खूब। यह ताव की जो चीज़ यहाँ देखते हो न, सवेरे से ही उसको गरम करना पड़ता है और हमेशा गरम रखना पड़ता है ताकि खौलता हुआ पानी हमेशा तैयार मिले। फिर लकड़ी चीरनी होती है और जो समोवार हैं उनको भरना पड़ता है। कभी तुम्हें छुरी काँटे भी साफ़ करने पड़ेंगे और — पानी की बाल्टियाँ भी बाहर ले जानी पड़ेंगी। काम की यहाँ कोई कमी नहीं है भाई!"

---

१ एक खास तरह का चूल्हा जिसके ऊपर पानी का भी बर्तन होता है।

उसका बोलने का ढंग, तमतमाया हुआ चेहरा और उस पर छोटी सी उठी हुई नाक, यह सब पावेल को बहुत अच्छे लगे।

"काफी भली मालूम होती है" उसने सोचा। फिर पूछा "अब मुझे क्या करना है?"

"यह लो" कहते हुए उसने पावेल को रकाबी पोछने का तौलिया दिया, 'इसका एक सिरा अपने दांत मे पकडो और दूसरा सिरा हाथ से पकड कर कसकर तानो। यह देखो कांटा है। इसके दातो के बीच बीच तौलिये को अन्दर-बाहर करो और देखो जरा भी मैल न रहने पाये। इन चीजो के बारे मे यहा बहुत सख्ती बरती जाती है। ग्राहक हमेशा कांटो को बड़े गौर से देखते है और अगर जरा सा भी मैल मिल जाता है तो बड़ा वावेला मचाते हैं जिससे खड़े खड़े तुम निकाल बाहर कर दिये जाओगे।'

इस तरह पावेल की मजदूरी की जिन्दगी शुरू हुई।

●●

लकडी चीरने के कारखाने की छिटपुट फैली इमारतो पर सुबह का सूरज चढने लगा था। थोडा ही देर मे पावेल का छोटा सा मकान लेशचिन्स्की के बगीचे के पीछे दिखाई देने लगेगा।

उसकी मा ने जो आगन मे समोवार सुलगा रही थी अपने बेटे को आते हुए देखा तो कुछ चिंता के स्वर मे बोली, "कहो कैसा रहा?"

"बहुत अच्छा," पावेल ने जवाब दिया। मा कुछ कहने ही वाली थी कि खुली हुई खिडकी मे पावेल का अपने भाई आर्तेम की चौडी पीठ दिखाई दी।

"अच्छा तो आर्तेम आ गया?" उसने उद्विग्नता से पूछा।

"हा कल आया था। अब वह यही रहेगा और रेलवे यार्ड मे काम करेगा'। कुछ झिझकते हुए उसने दरवाजा खोला।

उस आदमी ने जो मेज के सामने दरवाजे की ओर पीठ किये बैठा था कमरे मे दाखिल हुए पावेल की ओर अपनी विशाल कमर को मोडा, घनी काली भवो के नीचे उसकी आखो मे कठोरता का भाव था।

का बदबू स पीछा छुडाने के लिए उसका नन्हा दिल ग्रकुला उठा। ग्रौर फिर ग्राखिरकार एक दिन उसे उनस छुटकारा मिल ही गया।

●●

उस छोटे स कस्बे म एक तूफान की तरह यह खबर फैल गई कि जार का तख्ता उलट दिया!

कस्बे वालो ने इस खबर को मानने स इन्कार कर दिया।

उन्होने इस खबर को तब माना जब एक गाडी तूफान म रेंगती हुई-सी स्टेशन म दाखिल हुई ग्रौर उसम स फौजी बरान कोट पहने ग्रौर कधो पर राइफिल लटकाए दो विद्यार्थी और लाल लाल फीते बाहो म बाधे हुए क्रातिकारी सैनिको का एक दस्ता प्लेटफार्म पर उतरा और स्टेशन के पौज। सिपाहियो, एक वृद्ध कर्नल और गैरिसन के प्रधान को गिरफ्तार कर लिया। बर्फ से ढकी सडको पर चलते हुए हजारो ग्रादमी कस्बे के चौक म ग्रा पहुचे।

ग्राजादी बराबरी और भाईचारा—ये शब्द जो उन्होने पहले कभी नही सुने थे ग्रब सुने और उन्हे प्यासो की तरह पी गए।

उसके बाद तूफानी दिन ग्राए, हलचल ग्रौर खुशी स भरे। फिर एक ठहराव सा ग्रा गया और उस टाउन हाल पर लहराता हुग्रा लाल झडा ही होने वाले परिवर्तन की अकेली निशानी रह गया। उसी टाउन हाल म मजिस्ट्रेट ग्रौर बुर्जुग्रा के मानने वालो ने ग्रपनी किलेबन्दी की थी। उस पर फहराते हुए लाल झडे के ग्रलावा सब-कुछ ज्यो का त्यो रहा।

जनता बिलस्की और सर्गेई ब्रुजाक के लिए कुछ भी नही बदला था। मालिक लोग ग्रब भी बदस्तूर कायम थे। नवम्बर के महीने म पहुचकर ही कुछ ग्रसाधारण बाते शुरू हुई। स्टेशनो पर एक नई तरह के लोग नजर ग्राने लगे जिन्होने व्यवस्था म कुछ हलचल पैदा करनी शुरू की। उनमे से ज्यादातर लोग मोर्चे पर से लौटे हुए सैनिक थे ग्रौर उन्ही की सख्या बराबर बढती जा रही थी। उनका नाम कुछ ग्रजीब-सा था— बोल्शेविक।

किसी को मालूम न था कि यह तगडा ग्रौर वजनदार लफ्ज कहा

तब तक पावेल एक मग्गे म पानी ले ग्राया था जिसे पीकर घुडसवार ने लगाम को झटका दिया ग्रौर तेजी स चीड के जगलो की ग्रार निकल गया।

'वह कौन था ?' पावेल न क्लिम से पूछा।

कधे उचकाते हुए क्लिम बाला— 'मुझे क्या मालूम।

लगता है फिर सरकार मे रद्दाबदल होगी। इसलिए नेशचिन्स्की परिवार कल ही यहा से चला गया। ग्रगर ग्रमीर लोग भाग रहे है, तो इसका ग्रथ होता है कि छापेमार ग्रा रहे है। सर्गेई ने एलान किया, ग्रौर दृढता के साथ इस राजनीतिक सवाल का यू हल कर दिया जैसे उसमे ग्रौर कुछ कहना बाकी न हो।

इस बात म तर्क इतना प्रबल था कि पावल ग्रौर क्लिम को झट विश्वास हो गया ग्रौर उन्होन फौरन सर्गेई की बात मान ली।

ग्रभी इन लडको की बहस खतम भी नही हुई थी कि तभी बडी सडक से ग्राती हुई घोडो की टापो की ग्रावाज सुनकर वे तीनो दौडकर फिर बाडी के पास ग्रा गए।

उधर जगल के हाकिम के बगले के पास जो पेडो की झुरमुट म इस तरह छिपा हुग्रा था कि मुश्किल से नजर ग्रा रहा था उन्होन जगल मे ग्रादमियो ग्रौर गाडियो को निकलते देखा ग्रौर बडी सडक पर उन्होन लगभग पन्द्रह घुडसवारो के दल को देखा जिनके घोडो की काठी पर राइफिलें लटक रही थी। घुडसवारो के ग्राग ग्रागे एक ग्रधेड ग्रादमी ग्रपने घोडे पर सवार चला ग्रा रहा था। वह खाकी फौजी कोट पहन ग्रौर ग्रफसरो का कमरबन्द लगाये हुए था। दूरबीन उसके गले म लटक रही थी। उस ग्रादमी के ठीक पीछे वह था जिससे ग्रभी ग्रभी लडको की बात हुई थी। उस ग्रधेड ग्रादमी के सीने पर एक लाल फीता टका हुग्रा था।

सर्गेई न पावेल की पसली म उगली गडाते हुए कहा 'मैंने क्या कहा था तुमसे ! उस लाल फीते को देखते हो ? ये लोग छापेमार है [illegible] बदला । ग्रौर खुशी म नाचते हुए वह कूदकर बाडी के पास सडक पर ग्रा खडा हुग्रा। दूसरो ने भी ऐसा ही किया ग्रौर तीनो सडक के किनारे ग्रा गए तथा गौर से ग्रपने पास ग्राते लोगो को [illegible] देखते

वा यह है कि वह प्रिंटर और मशीनिस्ट है और उनको स्टेशन पर काम मिल सकता है। और किसी ने किर्योन्गेर को हमारी टुकड़ी के साथ देना भी रहा है। आज रात को वे यहां आयेंगे। वह काफी समझदार आदमी है और काम को अच्छी तरह चला सकेंगे। मैं समझता हूं इस काम के लिए वही उत्तम साबित आदमी है।

इस पर सभी सहमत थे। तय हुआ कि वे गुजराई के लिए कुछ पैसा और जरूरत के लिए कुछ परिचय पत्र छोड़ जायेंगे। तब तीसरा और आखिरी सवाल उठा कि शहर में जार के खिलाफ लड़ाई के वक्त छूट गए तीस हजार राइफिलों का क्या किया जाय जिन्हें सब लोग भूल चुके हैं और जो एक किसान के यहां सुरक्षित रखी हैं? इस पर सभी का यह मत था कि उन्हें जर्मनों के लिए नहीं छोड़ना चाहिए और जनता में बांट देना चाहिए। इस प्रकार सब कुछ तय हो जाने के बाद सभी, सुबह कूच करने से पहले कुछ आराम करने चले गए।

●●

दूसरे रोज पावेल बिजलीघर से अपने घर लौट रहा था। वहां वह पिछले साल से फायरमैन के मददगार के रूप में काम कर रहा था। उसे फौरन पता चल गया कि आज शहर में असाधारण खलबली मची है। जैसे जैसे वह आगे बढ़ता गया उसे लोग मिलते गए जो एक दो और कोई कोई तो तीन तीन राइफिलें लिए चले आ रहे थे। उसकी समझ में नहीं आया कि क्या हो रहा है। वह तेजी से अपने घर की ओर लपका।

लेश्चिन्स्की के बगीचे के सामने उसे कल के अपने परिचित लोग मिले। वे अपने घोड़ों पर सवार हो रहे थे।

घर जाकर जल्दी जल्दी हाथ मुंह धोकर और मां से यह पता कर कि बड़ा भाई आर्तेम अभी तक घर नहीं लौटा पावेल तेजी से सर्गेई ब्रुजाक के घर की ओर चल पड़ा। सर्गेई का पिता इंजन ड्राइवर का सहायक था और उसका अपना एक छोटा-सा मकान और थोड़ी सी जमीन थी। सर्गेई घर पर नहीं था और उसकी मां ने जो मोटी सी पीले चेहरे वाली स्त्री थी पावेल को अरुचि की निगाहों से देखा।

"पता नहीं वह कहां है! सबेरे सबेरे जो पहली चीज उसने की वह

(१) मैं हुक्म जारी करता हू कि

शहर के सारे लोग चौबीस घटे के अन्दर अन्दर सारी बदूकें और खतरनाक हथियार जो उनके पास हो जमा कर दें। जो इस हुक्म को नही मानगा उसे गोली मार दी जायेगी।

(२) शहर मे मार्शल ला जारी किया जाता है और लोगो को मनाही की जाती है कि आठ बजे के बाद सडको पर न निकलें।

—मेजर काफ शहर कमाडैण्ट।

कमाडण्ट के हुक्म के बारे म सुनते ही आर्तेम बडी तेजी से घर की ओर चला। बाहर हाते मे ही पावेल मिल गया। उसने धीरे स किंतु सख्त आवाज म पावेल से पूछा— तुम भी कोई हथियार घर लाये थे?'

पावल का इरादा राइफिल के बारे मे किसी को कुछ बतलाने का नही था। मगर अपने भाई से ही कैसे झूठ बोलता! उसने साफ-साफ सब बात बतला दी।

दोनो साथ-साथ शेड मे गए। आर्तेम ने बल्ली पर से, जहा वह छिपा कर रखी गई थी राइफिल को उतारा उसके बोल्ट और सगीन को अलग किया और उसकी नली पकडकर अपनी पूरी ताकत से लकडी के एक खम्बे पर उसे दे मारा। उसका कुदा चूर-चूर हो गया। और फिर उस राइफल का अवशेष बगीचे के उस पार, दूर कूए मे फेंक दिया। सगीन और बोल्ट को आर्तेम ने सडास मे डाल दिया।

हाता पार करके जब दोनो भाई घर के अन्दर जा रहे थे तब एक गाडी लेशचिस्की के फाटक पर रुकी और उसमे से वह वकील उसकी बीबी और दो बच्चे—नेली और विक्टर बाहर निकले।

आर्तेम उनको देखकर बडबडाया 'अच्छा तो यह नाजुक चिडिया अपने घोसले पर वापस आ गइ! अब असल तमाशा शुरू होगा। खुदा गारत करे इन हरामजादो को!' कहते हुए वह अन्दर चला गया।

सारा दिन पावेल उस राइफिल के बारे मे सोच सोचकर दुखी होता रहा। इसी बीच उसका दोस्त सर्गेई एक पुरानी शेड म दीवाल के पास, जमीन मे गड्ढा खोदने मे जी जान से लगा हुआ था। आखिर गड्ढा तैयार हो गया। उसके अन्दर सर्गेई ने तीन चमचमाती हुई नई राइफिलो

जाऊ और बडे साहब से बातें कर लू ।'

यह भी कोई पूछने की बात ह ? जरूरत तो उन्हे होगी ही। आज बिजली घर सिर्फ इसलिए बन्द रहा कि स्टेकोविच बीमार है। बडे साहब दो बार आए थे—उन्हे बडी तलाश थी ऐसे आदमी की जो उसकी जगह ले सके। पावल बोला।

'अच्छा तो बात तय हो गई। मैं कल तुम्हारे पास आऊगा और फिर हम लोग साथ चलेंगे।

'अच्छा।

आर्तेम ने दरवाजे तक उनको पहुचाते हुए कहा 'अच्छा जुखराई सलाम खुदा तुम्हे कामयाब करे। कल तुम मेरे भाई के साथ जाना और वहा उस नौकरी को ठीक कर लेना।

●●

उस टुकडी के जाने के तीन दिन बाद जर्मन शहर मे दाखिल हुए। उनके आने की घोषणा काफी दिनो से उजाड स्टेशन के इजन की सीटी ने की।

कस्बे भर मे खबर फैल गई कि जर्मन आ रहे है।

कस्बेवाले अपने बगीचो की झाडियो और छोटे छोटे लकडी के फाटको की हिफाजत मे लगे हुए थे। उन्हे शहर सडक पर निकलने मे डर लगता था।

बडी सडक के दोनो ओर एक एक की कतार मे मार्च करते हुए जर्मन आए। वे हल्के जैतूनी रग की वर्दी पहने हुए थे और अपनी राइफिलें साधे चल रहे थे। आगे आगे माउजर[1] हाथ मे लिए दो अफसर चल रहे थे। सडक के बीचो बीच दुभाषिया चल रहा था।

शहर के बीच चौक मे जर्मन कतार मे धककर खडे हो गए। नगाडे बज रहे थे। कस्बे के कुछ अधिक साहसी लोगो की एक छोटी सी भीड इकट्ठी हो गई। उक्रेनी कोट पहने हुए ह[illegible] मन का वह दुभाषिया आदमी दवाइयो की दुकान के सायबान पर च[illegible] गया और वहा से उसने कमाडैण्ट मेजर कार्फ का जारी किया हुआ हुक्मनामा जोर से पढना शुरू किया

---

१ एक तरह का पिस्तौल।

(१) मैं हुक्म जारी करता हू कि

शहर के सारे लोग चौबीस घटे के अन्दर अन्दर सारी बदूकें और खतरनाक हथियार जो उनके पास हो, जमा कर दें। जो इस हुक्म का नही मानेगा उसे गोली मार दी जायेगी।

(२) शहर मे मार्शल लॉ जारी किया जाता है और लोगो का मनाही की जाती है कि आठ बजे के बाद सडको पर न निकलें।

—मेजर काफ शहर कमाडैण्ट।

कमाडैण्ट के हुक्म के बारे मे सुनते ही आर्तेम बडी तेजी से घर की ओर चला। बाहर हाते मे ही पावेल मिल गया। उसने धीरे से किंतु सख्त आवाज मे, पावेल से पूछा— तुम भी कोई हथियार घर लाए थे ?'

पावेल का इरादा राइफिल के बारे मे किसी को कुछ बतलाने का नही था। मगर अपने भाई से ही कैसे भूठ बोलता ! उसने साफ-साफ सब बात बतला दी।

दोनो साथ साथ शेड मे गए। आर्तेम ने बल्ली पर से जहा वह छिपा कर रखी गई थी, राइफिल को उतारा, उसके बोल्ट और सगीन को अलग किया और उसकी नली पकडकर अपनी पूरी ताकत से लकडी के एक खम्बे पर उसे दे मारा। उसका कुदा चूर चूर हो गया। और फिर उस राइफल का अवशेष बगीचे के उस पार दूर कूड़ मे फेंक दिया। सगीन और बोल्ट को आर्तेम ने सडास मे डाल दिया।

हाता पार करके जब दोनो भाई घर के अन्दर जा रहे थे तब एक गाडी लगचिस्की के फाटक पर रुकी और उसमे से वह वकील, उसकी बीबी और दो बच्चे—नली और विक्टर बाहर निकले।

आर्तेम उनको देखकर बडबडाया 'अच्छा तो यह नाजुक चिडिया अपने घोसले पर वापस आ गई ! अब असल तमाशा शुरू होगा। खुदा गारत करे इन हरामजादो को ! कहते हुए वह अन्दर चला गया।

सारा दिन पावेल उस राइफिल के बारे मे सोच सोचकर दुखी होता रहा। इसी बीच उसका दोस्त सर्गेइ, एक पुरानी गड मे दीवाल के पास, जमीन मे गडढा खोदने मे जी जान से लगा हुआ था। आखिर गडढा तयार हो गया। उसके अन्दर सर्गेई ने तीन चमचमाती हुई नई राइफिलो

रास्ते अन्दर घुसकर उसने मेज से रिवाल्वर केस उठाया, उसमें से नीले नीले लोहे का वह हथियार निकाला और खिड़की से नीचे कूद गया। चारों तरफ सन्नाटा देख उसने पिस्तौल सावधानी से अपनी जेब में डाली और तेजी से भागकर बगीचे को पार करता हुआ चेरी पेड़ पर बन्दर की सी फुर्ती से चढ़ता हुआ अपनी छत पर जा पहुंचा।

कुछ देर बाद वह घर से कुछ दूर जंगल वाली सड़क पर, एक ईंट के भट्टे के वीरान खण्डहर में चीथड़ों से अच्छी तरह लपेट कर रिवाल्वर को भट्टे के फर्श के कोने में रखकर उसे पुरानी ईंटों के ढेर से ढक रहा था। बाहर आकर उसने पुरानी भट्टी के दरवाजे को ईंटों से चिन दिया और जगह की ठीक स्थिति दिमाग में बैठाकर पावेल घर की ओर चल दिया। उस समय भावावेश के कारण उसे अपने घुटने कांपते महसूस हुए।

अपने घर न जाकर वह रोज से जल्दी ही बिजली घर की ओर चल दिया। बिजली घर में ही उसे जुखराई से पता चला कि उसके घर की तलाशी ली गई थी। किन्तु मिला कुछ न था। जुखराई ने पावेल से तलाशी का कारण जानना चाहा, किंतु वह चुप रहा। रिवाल्वर की चोरी की इस घटना से पावेल को इस बात का विश्वास हो गया कि कभी कभी ऐसी खतरनाक कोशिशें भी कामयाब हो जाती हैं।

●●

पुरानी पत्थर की खान वाली तलैया पर दोपहर में पावेल मछली पकड़ने के लिए वंसी को पानी में डाल बैठा था। अपने काम में वह इतना मग्न था कि उसे मालूम ही नहीं हुआ कि मरलाहों जैसा एक सफेद बलाउज पहने जिसका कालर धारीदार नीला था और एक हल्का भूरे रंग का स्कर्ट पहने एक लड़की उसके पीछे पहुंच चुकी है। पावेल का ध्यान तब भंग हुआ जब वह बोली " तुम समझते हो कि यहां मछली पकड़ सकते हो ?" पावेल ने पीछे मुड़कर गुस्से में देखा।

वंसी को पकड़े हुए हाथ हल्के से कांप गए। वंसी भी कांप गई और शांत पानी की सतह पर गोल गोल दायरे फैल गए।

"देखो देखो मछली ने चारा चुगा।" पावेल के पीछे से लड़की ने आवेग में कहा। अब वह अपने मन का संतुलन बिलकुल खो बैठा और

इतने जोर से उसने वसी खींची कि चारा लगा काटा पानी मे से उछलकर वाहर आ पड़ा।

"जहन्नुम म जाय, कोई उम्मीद नही है मछली पान की। यह लडकी यहा क्या करने आई है," पावेल न खीझ के साथ सोचा और अपन फूहड पन को ढकने के लिए उसन वसी के काटे को आर भी दूर फेंका। मगर वह गिरा वहा, जहा उसे न गिरना चाहिए था यानि मेवार की घनी दो झाडिया के बीच, जहा वसी का फस जाना लाजमी था।

उसकी समझ मे आ गया कि क्या बात हो गई है।

'बहुत अच्छा हो, देवीजी अगर आप यहा से अपना रास्ता नापें' वह दात पर दात दबाकर बोला। स्पष्ट ही उसन अपनी श दावली के सभ्यतम शब्दो का प्रयोग किया था।

तोनिया की आखें छोटी हो गई और उनम हसी नाचने लगी।

'क्या मैं सचमुच तुम्हारे काम मे बाधा पहुचा रही हू ? चिढाने का स्वर अब मैत्री और समझौते मे बदल गया और पावेल, जो इन 'देवीजी' के सग रुखाई से पेश आने वाला था अब अपने को निहत्था महसूस करने लगा था।

"तुम चाहो ता रहो और देखो। मेरे लिए सब वराबर है उसने अनिच्छापूवक कहा और फिर अपनी वसी मे दत्तचित्त हो गया। वैसे उसकी इच्छा यही थी कि वह चली जाय।

मगर तोनिया गई नही। पानी मे हलके हलके लहराते हुए विलो के तने पर वह आराम से घुटना पर किताव रखकर बैठ गई और इस धूप मे तपे हुए रग के, काली काली आखोवाले उजड्ड से किशोर को देखने लगी जिसन उसका एक तो ऐसा रुखा स्वागत किया था और अब जान-बूझकर उसकी उपेक्षा कर रहा था।

उसी वक्त वहा रेलवे याड के बडे साहब इजिनियर सुखार्को का सत्रह साल का लडका हाथ म एक बडी सी वसी लिए और मुह के एक काने मे सिगरेट दवाए, जनानी शक्ल के विक्टर लेशचिस्की के साथ वहा आया। तोनिया के साथ उसकी पहले से मुलाकात थी। उसने विक्टर का तोनिया से परिचय करवाया। सुखार्को एक आवारा और बदमाश

लडका था।

पावेल को वहा मछली पकडते देख, वह आदेश के स्वर में बोला, 'देखो अपनी बसी वसी समेटो और यहा से चलते बनो।

किंतु पावेल ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया। वह उसको जानता था और झगडा नहीं करना चाहता था क्योंकि उसका भाई आर्तेम रेलवे यार्ड में इंजिनियर सुखार्को के नीचे काम करता था। झगडे के कारण भाई की नौकरी जाने का डर था। किंतु जब बदमाश सुखार्को ने दूसरी बार चिल्लाकर उसे भाग जाने के लिए कहा और साथ ही लात मारकर मछली के चारे वाले टीन के डिब्बे को तालाब में फेंक दिया तब वह उछलकर खडा हो गया।

सुखार्को पावेल से दो साल बडा था।

अच्छा तो तुम यो नही मानोगे ! लो फिर ! कहते हुए उसने हाथ घुमाकर एक जोर का घूसा सुखार्को के मुह पर मारा। इसके बाद उसने उसे सभलने का बिलकुल मौका नहीं दिया। अपने दुश्मन का मुकाबला करते हुए, उसे याद आया अपना सारा वजन बाए पैर पर दो और दाया पैर कडा रखो दायें पैर का घुटना मुडा हो। अपने जिस्म का सारा वजन अपने घूसे में डालो और ठुड्डी के सिरे पर ऐसा घूसा मारो जो बिछलता हुआ ऊपर को निकल जाय।

कटाक ! दातो के आपस में टकराने की आवाज हुई। फिर उस भयानक दर्द से चिल्लाते हुए जो उसकी ठुड्डी और दातो के बीच दब गई जीभ में फैल गये थे सुखार्को हाथ फैलाये लडखडाता हुआ पानी में जा गिरा और ऊपर किनारे पर हसी के मारे तोनिया का बुरा हाल हो गया।

वह ताली बजाती हुई चिल्लाई खूब खूब ! खूब किया हो बहादुर !

पावेल ने अपनी फसी हुई बसी को इतने जोर से खींचा कि वह टूट गई और वह भटके का फाटक पार करते हुए सडक पर आ गया।

जाते जाते उसने विक्टर को तोनिया से कहते सुना 'यही पावेल कोर्चागिन है अव्वल नम्बर का बदमाश।

स्टेशन पर हालत गम्भीर होती जा रही थी। हवा मे खबर गम थी कि रेलवे मजदूर हडताल करने जा रहे है। जमनो ने दो एजिन ड्राईवरो को पकड लिया था जिन पर उन्हे कोई इश्तिहार निकालने का शक था। उन मजदूरो म भी जिनका गाव से सम्बन्ध था, बडी खलबली थी क्योकि वसूली की जा रही थी और जागीरदारो को उनकी जागीर वापस दी जा रही थी।

हटमैन के सतरिया के कोडो मे किसानो की पीठें लहूलुहान हो रही थी। इस इलाके मे छापे मार आन्दोलन तेज होता जा रहा था बोल्शेविको न अब तक लगभग एक दजन छापे मार टुकडिया सगठित कर ली थी।

इन दिनो जुखराई के लिए आराम नहा था। उसने रेलवे याड के मैकेनिको और लकडी काटने वाले मजदूरो म एक बहुत मजबूत दल बना लिया था। अब वह रेलवे याड म ही नौकरी करता था ताकि काम मे आसानी रहे।

एक दिन हेटमैन के सतरिया ने स्टेशन के तारघर के फोनोभारिको को पकड लिया। जब उस बदर्दी मे पीटा गया तो उसन आर्तेम के मित्र और सहयोगी रोमान का नाम बता दिया। रोमान काम कर रहा था जब स्टेशन कमान्डेट के सहायक न जो दो जमन और हटमैन के सतरी के साथ था उसके चेहरे पर अपनी चाबुक स वार किया। चाबुक समूचे चेहरे पर एक लकीर बनाती निकल गई। फिर उसने उस मैकेनिक की बाह पकडकर बडे जोर से मरोडी और बोला चलो हम जरा तुम्हें सिखलायें कैसे प्रचार किया जाता है सूअर का बच्चा! कैसे घूम घूमकर लोगो को भडकाया जाता है।

आर्तेम जो रोमान के पास ही काम कर रहा था अपनी रेती वही छोड सहायक कमाडेंट के पास आया। वह गुस्से स भरा हुआ था। फिर भी गुस्से को सयत रखते हुए बोला अब, ए दोगले के बच्चे! अपनी खैरियत चाहता है तो अब उस पर हाथ न चलाना।

उसी समय सहायक कमाडेंट के साथ आए एक जमन सतरी ने राईफल सीधी कर ली और चीखा

हाल्ट !

आर्तेम विवश हो गया। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। आर्तेम को तो एक घण्टे भर बाद छोड दिया गया किन्तु रोमान को वहीं एक मालगोदाम में बन्द कर दिया गया।

गिरफ्तारी के दस मिनट बाद पूरे रेलवे यार्ड के मजदूरों ने औजार रख दिए और आवेश में भरे स्टेशन के पास में इकट्ठे हो गए। तुरन्त किसी ने रोमान और आर्तेम की रिहाई की मांग का मसविदा तैयार किया। मजदूरों का गुस्सा और बढा जब सहायक कमाण्डेंट सतरिया की एक टुकडी के साथ रिवाल्वर चमकाता हुआ पार्क में आया और चिल्लाया

सब अपने अपने काम पर जाओ वरना हम यहीं एक दो को पकड लेंगे और कुछ को गोली मार देंगे।'

गुस्से से भरे मजदूरों ने एक जबदस्त हुंकार से उसका जवाब दिया जिसे सुनकर वह स्टेशन की ओर भागा। मगर इसी बीच स्टेशन कमाण्डेंट ने शहर से जर्मन सिपाही बुला लिए थे और उनके ट्रक के-ट्रक स्टेशन की सडक पर तेजी से चले आ रहे थे।

मजदूर तितर बितर हो अपने घरों को चल दिए। एक भी आदमी काम पर न रहा। जुखराई का काम अब अपना असर दिखला रहा था। यह पहला मौका था जब स्टेशन के मजदूरों ने कोई सामूहिक कदम उठाया था।

●●

तोनिया झील के चट्टानी किनारे पर घास से ढकी एक नीची जगह पर लेटी हुई थी। अचानक झील के किनारे छपाक की आवाज हुई। तोनिया ने ऊपर देखा। एक चुस्त फुर्तीला धूप से तपे हुए रंग का शरीर जोर-जोर से हाथ मारता हुआ किनारे से दूर तैरता चला जा रहा था। कभी वह उलट जाता था कलैया खाता था गोते लगाता था फिर वह पीठ के बल लेट कर बहने लगा।

इस तरह से देखना ठीक नहीं कहते हुए वह मुस्कराई और फिर साथ लाई किताब पढने लगी। कुछ देर बाद एक लड़का, जो उसी तैरने वाले आदमी से काले पत्थर की चट्टान पर चढते हुए अनजाने में तुरन्त

गया था, आकर तोनिया की किताब पर गिरा। उसने आंख ऊपर उठाई तो पावेल कोचागिन को सामने खड़ा पाया। पावेल भी इस अचानक मुलाकात से अचकचा गया और घबराहट में पलटने के लिए मुड़ा।

तभी तोनिया ने उसे बुला लिया और अपने पास बैठने के लिए कहा। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे का परिचय प्राप्त किया। फिर घंटों जमकर उनकी बातें हुई। पावेल ने अपनी जिन्दगी की सारी कहानी तोनिया को सुना दी। तोनिया जंगल वार्डन तुमानोव की बेटी थी। अब दोनों में दोस्ताना हो गया।

पावेल से अलग होकर तोनिया घर की ओर चली, तो उसका मन काली आंखों वाले नौजवान के संग अपनी मुलाकात में डूबा हुआ था।

"क्या जोश है उसमें! क्या हिम्मत! और जरा भी वैसा बदमाश नहीं जैसा मैंने सोचा था। और चाहे जो हो वह उन गधे सुखार्को विक्टर जैसा नहीं है।"

तोनिया ने सोचा मगर उसका जंगलीपन कम किया जा सकता है उसे वश में किया जा सकता है बड़ा दिलचस्प दोस्त होगा वह।'

इधर इस नई अपरिचित अनुभूति ने उसके मन में भी खलबली पैदा कर दी। मगर कुछ इस तरह कि उसकी रेखाएं मन में स्पष्ट न थी, वह उसे समझ नहीं पाता था और उसका विद्रोही मन परेशान था। पावेल के लिए तोनिया का बाप भी लेशचिन्स्की वकील के ही वर्ग का है।

पावेल गरीबी में पला था और अमीरों के प्रति उसके मन में नफरत कूट कूट कर भरी थी। उनको वह अपना दुश्मन समझता था। इसी लिए तोनिया के प्रति उसके मन में शंका सन्देह की भावना थी। तोनिया उसके लिए राजगीर की लड़की गलीना की तरह सीधी-सरल न थी। तोनिया से बात करते समय वह सावधान रहता कि उसकी तरफ से हलके से व्यंग्य अथवा उपेक्षा का आभास मिलते ही तत्काल उसका जवाब दे सके। क्योंकि उसे डर लगा रहता कि तोनिया जैसी सुन्दर और सुसंस्कृत लड़की उस जैसे साधारण आग झोंकने वाले के प्रति व्यंग्य और उपेक्षा नहीं तो और क्या दिखायेगी।

परन्तु तोनिया ने ऐसी कोई हरकत नहीं की जिससे पावेल नाराज़

काली भा, पीला सा रग जिसम अविराम भोग विलास के कारण कुछ हरापन भी मिला हुआ था।

क्रांति से पहले कनल गोलुव एक शहर के कारखाने म सम्बद्ध चुकन्दर के खेतो म कृषि विशेषज्ञ थे। मगर उस मन के पद के मुताबिक वह एक बिल्कुल ही नीरस जिन्दगी थी। इसीलिए ऐसा हुआ कि जब सारे देश को अपनी लपट म लेते हुए स्याह लहरें बही तो उन लहरो के शिखर पर सवार होकर कृषि विशेषज्ञ गोलुव हुजूर कनल गोलुव बन गए।

शहर म लूट पाट पूरे जोर पर थी। उसी मे कभी कभी लुटेरे लूट के माल के बटवारे को लेकर जगली जानवरो की तरह आपस म लड पडते और यहा वहा तलवारें चमक उठती। घूस तो सभी जगह धडल्ले से चल रहे थे। बियर के मैदान म से पच्चीस गैलन वाले पीपे बाहर लुढका कर सडक की पटरी पर इकट्ठे किए जा रहे थे।

फिर लुटेरो ने यहूदियो के घरो म घुसना शुरू किया।

कोई प्रतिरोध नही हुआ। वे तमाम कमरो म गए जल्दी जल्दी एक एक कोने को उलटा पलटा और लूट का माल लाद कर चलते बने। अपने पीछे वे कुछ छोड गए थे तो कपडा के बिखरे ढेर और तलवार की नोक से छिदे हुए गद्दो और तकियो के अन्दर म झाकते चिडियो के पर।

●●

यह एक काली, भयानक व डरावनी रात थी। मगर फिर भी एक आदमी सडक पर चला जा रहा था। कोचाग्नि के मकान पर पहुचकर उसने सावधानी से खिडकी पर दस्तक दी। पावल एक भयानक व डरावना सपना देख रहा था। वह जगा तो उसने खिडकी का खडखडाना सुना।

वह घर म अकेला था।

कौन है?' उसने अधेरे म पूछा।

मैं हू जुखराई। एक रुधी हुई आवाज ने जवाब दिया। फिर पियादार ने फुसफुसाकर पूछा— मैं तुम्हारे साथ रात गुजारने आया हू। तुम्हे कोई आपत्ति तो नही कामरेड?

पावेल ने आतरिक स्नेह से उत्तर दिया— कैसी बात करते हो! तुम जानते हो यहा पर सदा तुम्हारा स्वागत है। कूद कर अन्दर आ जाओ।'

फियादोर न थोडी सी खुली खिडकी म से झुककर अपने विशाल शरीर को अन्दर किया। पावल खुश था कि जुखराई आ गया। जुखराई का अचानक आगमन और फिर बाद म जो वह पावेल के साथ आठ दिन तक रहा उन्होन पावेल की जीवन धारा पर असर डाला। उस मल्लाह ने उस सबस पहल उन अनेक चीजो की अन्तर्दृष्टि दी जो नई थी, गति शील थी, महत्त्वपूर्ण थी।

जुखराई जो भाषा बोलता वह सीधी साफ होती और आखो के सामने चित्र खडा कर देती थी। उसके मन म कोई सशय नही था और उसे अपनी राह अपने सामने साफ साफ फैली दिखाई देती थी और पावल समझ गया कि यह जो बडे बडे नामो वालिया बीसियो राज नीतिक पार्टिया है—सोशलिस्ट रिवोल्यूशनरी सोशल डैमोक्रैट पोलिश सोशलिस्ट—सब असल म मजदूरो की जानी दुश्मन है और अमीरो के खिलाफ मजबूती से लडने वाली क्रान्तिकारी पार्टी केवल बोल्शविक पार्टी है। पहले पावेल का दिमाग इन सब चीजो के बारे म बुरी तरह उलझा हुआ था।

सच बतलाओ फियोदार तुम क्या हो? पावेल न एक बार उससे पूछा।

तुम नही जानत?

मरे ख्याल स तुम बोल्शेविक या कम्युनिस्ट हो। पावेल धीमी आवाज म बोला।

इस पर जुखराइ ठठाकर हस पडा और चुस्त, धारादार जर्सी से ढकी अपनी खूब चौडी छाती पर हाथ मारा 'तुमन ठीक कहा दोस्त! यह बात उतनी ही ठीक है जितना कि यह कि बोल्शेविक और कम्यु निस्ट एक ही होत है। फिर वह एकाएक गभीर हो गया। 'लेकिन तुमन जब यह बात समझ ली है तो इस अपने ही तक रखना। अगर तुम यह नही चाहते कि मैं पकडा जाऊ तो इस किसी स किसी जगह मत कहना। समझ '

पावल न दृढता स जवाब दिया हा मैं समझ गया।

तभी सहन म आवाजें सुनाई दी। जुखराई का हाथ भर उसका

जेब मे रखी पिस्तौल पर चला, मगर फिर बाहर आ गया जब उसने कम जोर और पीले सर्गेई बुजाक को सिर पर पट्टी बाधे अपनी बहन वालिया और क्लिम्का के साथ कमरे म दाखिल होते देखा।

जुखराई इन तीनो नौजवानो को जानता था क्योकि वह कई बार सर्गेई बुजाक के घर जा चुका था। उसे ये लडके बहुत पसन्द थे सघर्ष के भवर मे अभी उन्हे अपनी जगह नही मालूम थी मगर अपने वर्ग की आकाक्षाए उनमे अच्छी तरह व्यक्त थी। उस शाम को जुखराई ने उन्हे बोल्शेविकों और लेनिन के बारे मे बहुत कुछ बताया और इस तरह होने वाली घटनाओ को समझने मे उन्हे मदद पहुचाई।

जुखराई हर शाम निकल जाता था और बहुत रात गये लौटता था। शहर छोडने से पहले उसे अपने उन साथियो के साथ बहुत सी बातो का फैसला करना था जो शहर म रुकने वाले थे—यानि यह कि क्या काम करना होगा, कैसे करना होगा।

इस खास रात को जुखराई वापस नही आया। पावेल के मन म अस्पष्ट आशका उठी। उसने जल्दी जल्दी कपडे पहने और क्लिम्का के घर जुखराई के बारे मे खबर लेने गया। वहा से कोई खबर न पाकर वह सर्गेई के यहा गया। वहा भी कोई खबर न मिली तो उसने अपने मन का डर कह दिया। इस पर वालिया बोली 'तुम इतने परेशान क्यो हो? हो सकता है वह किसी दोस्त के यहा रुक गये हो। मगर उसके शब्दो म स्वय विश्वास की कमी थी।

घर वापस आया तो दरवाजे पर ताला पहले की तरह ही बन्द था। क्या किया जाय कुछ सोचकर उसने उस गुप्त जगह से चिथडो म लिपटा मानलिकर रिवाल्वर निकाला और उसे साथ लेकर स्टेशन की ओर चल दिया।

पर वहा भी जुखराई की कोई खबर न मिली। लौटते हुए जगलो के हाकिम के बगीचे के पास पहुचकर, जो अब उसका परिचित था उसके कदम धीमे हो गए।

तानिया से उसका आखिरी झगडा सबसे तेज रहा था। इसका कारण थे लिजा सुखार्को जो एक खूबसूरत मद्धम रंग की हाई स्कूल

तो उसका बेजान शरीर वहीं ढेर हो गया और सडक के पास के गड्ढे में जा गिरा।

जिन मजबूत हाथो ने वे घूसे रसीद किए थे उन्होने पावेल को जमीन से उठाया और उसे अपने पैरो पर खडा किया।

विक्टर अभी उस दोराहे से करीब सौ कदम गया था। तभी उसे राइफिल दगने की आवाज सुनाई दी। विक्टर गोली की आवाज की दिशा मे भागा। कुछ ही देर मे वह वहा पहुच गया। बहुत से लोग सडक पर जमा हो गए थे। उन्हें शहादत देने के लिए रोक लिया गया था। उनमे विक्टर और लिजा भी थे।

लिजा डर के मारे अपनी जगह पर जम-सी गई थी, इसलिए उसने भागते हुए जुखराई और कोर्चागिन को अच्छी तरह देखा था। और उसे इस बात पर बहुत हैरानी थी कि सिपाही पर हमला करने वाला वही लडका था, जिसे तोनिया घर पर उससे मिलाना चाहती थी। यह बात लौटते हुए उसने जब विक्टर को बताई तो वह ठगा-सा रह गया।

'तुमने यह बात कमाडर को क्यो नही बताई ?" वह बोला।

यह सुनकर लिजा को क्रोध आ गया "तुम सोचते हो, मैं ऐसी कमीनी हरकत कर सकती हू ? उसने कहा।

'कमीनी ? सिपाही पर किसने हमला किया यह बताने को तुम कमीनी हरकत कहती हो ?" वह बोला।

और नही तो क्या, यह कोई अच्छी हरकत है ? तुम शायद भूल गये हो कि उन्होने क्या-क्या किया है ? तुम्हे कुछ पता है कि स्कूल मे कितने यहूदी लडके हैं जिनके मा बाप मार डाल गए हैं और तब भी तुम चाहते हो कि मैं कोर्चागिन के बारे म बता देती ? मुझे दुख है, मैं तुम्हे ऐसा नहा समझती थी।'

विक्टर को लिजा के जवाब स बडा आश्चर्य हुआ। किंतु वह उससे झगडा नही करना चाहता था। अत उसने बातचीत का विषय बदल दिया। अलबत्ता उसका मन कोर्चागिन से बदला लेने के लिए, सुनहरा अवसर हाथ लगने से, बल्लियों उछल रहा था।

लिजा को उसके घर के पास छोडकर वह वापस कमांडेन्ट के दफ्तर

तक गया और दरवाजे से अन्दर घुस गया।

थोड़ी देर बाद वह चार पेतल्युरा सिपाहियों के संग कोर्चागिन के मकान की तरफ चला जा रहा था।

पावेल की पीठ पर आखिरी प्रहार हुआ जिसने उसे ढकेल कर उस अंधेरे कमरे मे डाल दिया जहा पर वे लोग उसे ले गए थे। उसकी फैली हुई बाह सामने की दीवार से जा टकराई। अपने आस-पास टटोलते हुए उसको ओठे जैसी कोई चीज मिली और वह बैठ गया। उसका शरीर और मन दोनो घायल थे और दर्द कर रहे थे।

उसकी गिरफ्तारी बिलकुल अप्रत्याशित थी। आखिर उन पेतल्युरा सिपाहियो को उसका पता कैसे चला ? यह सवाल बार बार उसे तग कर रहा था क्योकि उसे पूरा विश्वास था कि जुखराई को छुडाते समय उसे किसी ने नही देखा था। मगर इसका कोई जवाब उसके पास नहीं था।

घर से कोतवाली तक का सफर एक ऐसी चीज थी जिसे पावेल कभी नही भूलेगा। रात काजल की तरह काली थी और आसमान पर बादल छाये हुए थे। वह चारो ओर से बेरहम ठोकरें खाता हुआ अंधे और नीम-पागल आदमी की तरह किसी प्रकार लुढकता हुआ चल रहा था।

अगले कमरे मे, जिसमे कमाण्डेन्ट के संतरी रहते थे, दरवाजे के पीछे उसे आवाजें सुनाई दी। पावेल उठ खडा और दीवार के सहारे-सहारे रास्ता पहचानता हुआ कमरे का चक्कर लगा आया। ओठे के सामने उसे एक खिडकी मिली जिसमे ठोस लोहे के नुकीले डडे लगे हुए थे। जाहिर है, यह जगह माल असबाब रखने के काम आती होगी।

उस रात वह बहुत-कुछ सोचता रहा। लडाई मे हिस्सा लेने की उसकी पहली कोशिश का नतीजा उसके लिए बुरा ही हुआ था। पहले कदम पर ही वह पकडा गया था। और अब चूहेदानी मे चूहे की तरह फँसा पडा था।

खिडकी मे से रोशनी आ रही थी और फर्श पर एक भूरे रग का चौकान बना रही थी।

अंधेरा धीरे धीरे हट रहा था। पौ फट रही थी।

••

एक पुराने खस्ता हाल कोच के सिरे पर, जो नगर कमाडेन्ट के कमरे मे

रखा था एक नौजवान किसान औरत कुहनियां घुटनों पर टिकाये फर्श पर सूनी आंखें जमाये बैठी थी। कमाडेन्ट मुह के कोने में दबी एक सिगरेट को चबा रहा था। उसने अभी एक कागज पर बड़े बांकपन के साथ कुछ लिखकर "शेपेतोवका नगर कमाडेन्ट सोरूजी" के नाम से खूब बना बना कर दस्तखत किए थे।

सलोमिगा उसके सामने स्टूल पर बैठा था और उस रिपोर्ट को दख रहा था जो हेडक्वार्टर भेज कर पावेल को खतम करने की आज्ञा पाने के बारे मे सोरूजी ने तैयार की थी। साथ साथ सोरूजी उसको बता रहा था मैं पाच दिन स उसके पीछे लगा हू, मगर वह इसके सिवा कुछ नहीं कहता कि मैं कुछ नही जानता और मैंने उसे नही छुडाया। बडा मर्दूद लडका है साहब ! उस सिपाही न जिसपर उसने हमला किया था, उसको पहचान लिया है—और उसे देखते ही वह गुस्से स पागल हो गया था। उसका बस चलता तो उसने वही उसका गला घोट दिया होता। और भई सच पूछो तो गुस्से के लिए उसके पास कारण भी था, क्योंकि स्टेशन कमाडेन्ट ग्रोमेलचेंको ने स्टेशन पर हाथ स कैदी निकल जाने देने के जुर्म मे, अपनी राइफिल साफ करने की छडी से पच्चीस छडियां भी तो उसके लगाई। अब उसको यहा और बन्द रखने मे कोई तुक नही। इसलिए मैं यह कागजात हेडक्वाटर भेजकर इजाजत मगा रहा हू ताकि इस हराम जादे को खतम कर दिया जाय।'

सलोमिगा ने नफरत स थूक दिया।

'जहा तक इस चीज का ताल्लुक है,' सलोमिगा न कागजात पर अपनी उगली गडाते हुए कहा अगर तुम वाकई उसका काम तमाम करना चाहते हो तो सोलह की जगह उसकी उम्र अठारह दिखलाओ। छ को आठ बना दो नही तो मुमकिन है वे लोग पास न करें।'

उस मालगोदाम वाली कोठरी म तीन लोग थे। एक दढियल बुड्ढा तार-तार कोट पहने ओटे पर लटा हुआ था। उसे इसलिए गिरफ्तार किया गया था कि उसके यहा जिन पेतल्युरा के सिपाहियों को टिकाया गया था उनका घोड़ा उसके शेड स गायब हो गया था। एक अधेड औरत

जिसकी छोटी छाटी चपल आखें थी और नुकीली-सी ठुड्डी थी और जो समोगन शराब बचकर अपना जीविका चलाती थी उस इसलिए गिरफ्तार किया गया था कि उस पर एक घडी व कुछ दूसरी बेशकीमती चीजें चुराने का अभियोग था। कोर्चागिन नीम-बेहोशी की हालत मे खिडकी के नीचे एक कोन म अपनी कुचली हुई टोपी का तकिया लगाये लेटा था।

एक नौजवान स्त्री उसी माल गोदाम म लाई गई। वह सिर पर एक रगीन रूमाल बाधे थी और दहशत के मारे उसकी आँखें फटी जा रही थी। एक-दो पल वह खडी रही और फिर शराब बेचन वाली औरत के बगल म बैठ गई।

यह ख्रिस्तिना थी, एक लाल छापमार बाल्शेविक ग्रित्स्का की बहन, जो गरीब किसाना की कमेटी का प्रधान रह चुका था। बोल्शेविक जब वहाँ से चले तो वह भी मशीनगन की पटी कमर म बाध उनके साथ चला गया। अब मौजूदा अधिकारी हाथ धोकर उसके परिवार के पीछे पडे थे। और अभी एक रोज पहले जब कमाडैण्ट एक तलाशी के सिलसिले म गाँव आया था तो चौधरी उसे लेकर उस लडकी के घर पहुच गया। लडकी कमाण्डट साहब की आँख मे चढ गई और दूसरे रोज सवेरे वह उसको पूछताछ के लिए' अपन सग शहर ले आया।

शाम होते-होते एक नया कैदी लाया गया। पावेल ने उसे पहचान लिया। वह दोलिनिक था शकर के कारखान का एक बढई। वह बहुत ठोस मजबत चौडा चकला आदमी था।

पावेल न १९१७ के फरवरी महीन मे उसे देखा था जब क्राति की थरथरी उनके शहर मे पहुची थी, उन दिना जो शोर-गुल से भरे प्रदशन हुए थ, उनम उसने सिफ एक बोल्शेविक को बोलते सुना था, और वह बोल्शेविक था यही दोलिनिक। उसन सैनिको को सम्बोधित करते हुए भाषण दिया था। पावेल को अब भी उसके अतिम शब्द याद थे

'फौजी भाइयो बाल्शेविको के पीछे-पीछे चलो, वे तुम्हारे साथ दगा नही करेंगे।'

तब से उसने उस बढई को नही देखा था।

दूसरे रोज एक और नया कैदी लाया गया—बड-बड कानो और

दुबली पतली गर्दन वाला हज्जाम श्ल्योमा जेल्टसर जिसे शहर मे हर कोई जानता था।

यह दोलिनिक को बहुत आवेश और भाव भगिमा के साथ बतला रहा था ' तुम तो जानते ही हो कि मुझे अपनी जबान पर काबू नहीं और आज जब मैं एक अफसर की दाढी बना रहा था, तो मैंने कहा आपका क्या ख्याल है एटमन पेतल्युरा को इस सब मारकाट के बारे मे पता है या नही ? क्या वे डेपुटेशनसे मिलेंगे ? अरे बाप रे बाप कितनी बार मैं अपनी इस निगोडी जबान के कारण मुसीबत म फसा होऊगा ! तो जब मैं बहुत करीने से उस अफसर की दाढी बना चुका और ढग से चेहरे पर पाउडर-साउडर लगा चुका तो जानते हो उस अफसर ने क्या किया ? वह उठा और पैसा देना तो दूर रहा उसने मुझे अधिकारियो के खिलाफ प्रचार करने के जुर्म मे *गिरफ्तार कर लिया।*" जेल्टसर ने अपनी छाती ठोकी और बोला ' अब तुम्ही बताओ कि यह भी भला कोई प्रचार था ? आखिर मैंने उस आदमी से सिर्फ एक बात ही तो पूछी और उसके लिए उन्होंने मुझे यहाँ लाकर बद कर दिया वाह रे !

दोलिनिक को बेसाख्ता मुस्कराहट आ गई जब उसने गुस्से से भरे श्ल्योमा की बात सुनी।

जिस प्रकार अप्रत्याशित रूप से पावेल गिरफ्तार हुआ था, उससे भी कहीं अधिक अविश्वसनीय ढग से वह रिहा हुआ। कर्नल चर्नीटाक ने जो चीफ एटमन के किसी भी क्षण आगमन की खबर देने आया था, शहर कमा डैंट को वहाँ न पाकर कैदियों से पूछा कि उन्हें क्यो बन्द किया गया है तो सभी ने तरह-तरह के मामूली व हास्यास्पद कारण बताए। एक एक कर *उसने पावेल-सहित सभी को छोड दिया—एक हज्जाम श्ल्योमा जेल्टसर* को छोडकर। वह उसे अधिक सगीन अपराधी लगा और उसने उसे पूछ ताछ के लिए हेडक्वाटर पहुचाने का आदेश दिया।

कैदखाने से छूटकर पावेल भाग निकला। भागते भागते जब वह थक गया तो कहाँ जाये ? यह समस्या खडी हो गई। जब और कुछ न सूझा तो उसके कदम अपने आप तोनिया के घर की ओर उठ गये। तोनिया को पावेल की गिरफ्तारी का पता चल चुका था। वह उसे लिवा

सुखार्की ने बताया था जो घटनास्थल पर मौजूद थी। तोनिया ने उसके घर जाकर सारी बात उसके भाई भार्तेम को बता दी थी।

एकाएक पावेल को सामने पाकर तोनिया की खुशी का ठिकाना न रहा। वह उसे घर के अन्दर ले गई। पावेल की रिहाई की खबर उसने भार्तेम व सर्गेई ब्रुजाक तक भी पावेल के कहने पर पहुचा दी। सभी उससे मिलकर बहुत खुश हुए। पावेल ने उन्हें बताया कि जल्द से जल्द उस यह शहर छाडकर कही दूर चले जाना होगा, क्योंकि जल्दी ही पतल्युरा के सिपाहिया को अनजाने मे उसे छोड दिए जाने की अपनी भूल का पता चल जायगा और तब वे उसे शिकारी कुत्तो की तरह ढूढने लगेंगे। पावेल के इस विचार पर सभी सहमत हुए।

पावेल चार दिन तोनिया के घर ठहरा। इन दिनों मे दोना न एक-दूसरे पर अपना प्यार व्यक्त कर दिया और वादा किया कि जैसे ही हालात कुछ ठीक होंगे दोनो फिर मिलेंगे और साथ-साथ जीवन बिताने का फसना करेंगे। भार्तेम ने अपने साथियो से जो रेल इजन ड्राईवर थे, पावेल को गाँव पहुचाने की बात कही, तो उन्होंने प्रसन्नतापूर्वक यह जिम्मेदारी ले ली। और एक दिन सुबह, जब अभी सूरज भी नही निकला था, पावेल तोनिया और भाई से विदा लेकर अपनी इतजार कर रहे इजन म चढ गया।

••

कई दिन के भयानक सघर्ष के बाद लाल सेना न पेतल्युरा के भाडे के सिपाहियो को शपेतोवका से निकाल बाहर किया और फिर से नगर पर लाल झडा लहराने लगा था।

सर्गेई ब्रुजाक भी अब लाल सेना का सिपाही बन चुका था। स्टेशन पर कब्जा करने के लिए किए गए मशीनो के हमले मे उसने भी वीरता से हिस्सा लिया था। अब वह एक बोल्शेविक था।

दो दिन बाद उक्रेन की नौजवान कम्युनिस्ट लीग, कोमसोमोल, की नगर कमिटी बन गई थी। यह, सर्गेई, कोमसोमोल और कोमसोमोल कमिटी का मत्री बना। उसने अपनी छोटी बहन, वालिया, को भी को

सोमोल बनाया। किंतु उसकी सदस्यता को गुप्त रखा गया, क्योंकि इसस सर्गेई की मा की नाराजगी व दुख बढने का खतरा था।

शहर का नौजवान थियेटर हाल स्कूल कालेज के विद्यार्थियो से भरा हुआ था। पहले उण्ज्द कमेटी के मत्री कामरेड राजिन ने श्रोताओ को उस सघष के बारे मे बताया जो सारे देश म तूफान की तरह चल रहा था और तमाम नौजवाना को कम्युनिस्ट पार्टी म आने के लिए कहा। इसके बाद सर्गेई अुजाव की बारी आई। उसन बिना किसी भूमिका के फौरन काम की बात शुरू कर दी

'हा तो साथियो जो सारी बातें कहने की थी, आपने सुन ली है। अब काम करने की बात यह है कि हमे पार्टी का ऐसा केन्द्र सगठित करना है जिसके इद गिद तमाम लोगा को बटोरा जा सके। कौन लोग इससे सहमत हैं?

उपस्थित लोगो म सन्नाटा छा गया। जो खाई बन गई थी, उस कोमसोमोल रीता उस्तिनोविच ने भरा। उसन लोगा को बताया कि किस तरह मास्को म नौजवानो का सगठन हो रहा है। उसकी बात खत्म हुई तो फिर हाल म सन्नाटा छा गया।

सन्नाटे को भग किया मिशा लेव्कुकोव ने, जो भालू की तरह भारी भरकम था और भेंगेपन के कारण तिरछा देखता था।

'जो मौजूदा हालत हैं उसने कहा, ' उसम हमे बोल्शेविको की मदद करनी ही होगी। मैं इसके हक मे हू। मैं कोमसोमोल मे दाखिल हो रहा हू।

सर्गेई का चेहरा खुशी से चमकने लगा। वह चिल्लाकर बोला 'देखा साथियो! मैं सदा कहता था कि मिशा हममे स एक है। मैं उस जानता हू। इसका पिता स्विचमन था और मोटर स कुचल कर मर गया था और इसीलिए मिशा की पढाई नही हो सकी। लेकिन इस वक्त किस चीज की जरूरत है यह जानने के लिए उसे किसी कालेज म जाने की जरूरत नहीं पडी।'

हाल में बड़ा शोर मचा। ओकूनेव ने, जिसके बाल करीने से कढ़े हुए थे और जो नगर के दवाफरोश का लड़का था, बोलने की इजाजत

मागी। वह कालेज मे पढता था।

"ग्राप लोग मुझे माफ करेंगे साथियो ! मेरी समझ मे नही ग्रा रहा कि हमसे क्या चाहा जा रहा है ? क्या हमसे यह उम्मीद की जाती है कि हम राजनीति मे हिस्सा लें ? ग्रगर ऐसी बात है तो मैं पूछता हू, हम लोग पढेंगे कब ? हम कालेज की पढाई खत्म करनी ही ह। ग्रगर यह कोई खेल-कूद की सोसायटी या ऐसे क्लब के सगठन की बात होती जहा हम लोग इकट्ठे हो सकते ग्रौर पढ सकते, तो बात दूसरी थी। मगर राजनीति मे तो हिस्सा लेने का मतलब है, ग्रागे चलकर फासी पर टगने के खतरे को भी उठाना। न भाई मैं नही समझता कि कोई इस बात स सहमत होगा।"

हाल मे लोग हस रहे थे। किन्तु हाल के कोने म दरवाजे क पास नौजवान लाल सैनिको की टोली म बैठा सर्गेई ब्रुजाक का दारत नौजवान तोपची बोलने के लिए खडा हुग्रा। उसने क्रुद्ध भगिमा म ग्रपनी टोपी माथे पर ग्रौर नीची कर ली ग्रौर श्रोताग्रो को तीखी नजरा स देखता हुग्रा गरज कर बोला

'तुम हस किस चीज पर रहे हो कीडा !"

उसकी ग्राखें दो जलते हुए ग्रगार थे ग्रौर वह गुस्से से काप रहा था।

' मेरा नाम इवान जार्की है। मैं यतीम हू। मैं सडको पर पला ग्रौर बढा हू। मैं रोटी के एक एक टुकडे क लिए भीख मागता था ग्रौर ग्रक्सर मुझे भूखे पेट सो जाना पडता था। मैं तुम्हें बतला सकता हू कि मैं एक कुत्ते की जिंदगी बिता रहा था। तुम सब, जो ग्रपनी माग्रा के लाडले यहा इकट्ठ हुए हो, तुम्ह इसके बार म कुछ भी पता न होगा। तब बाल्शेविक राज ग्राया ग्रौर लाल सेना के लोगो न मुझे सडक पर से उठाया ग्रौर मरी देख भाल की। उनकी एक पूरी प्लाटून ने मुझे गोद लिया। उन्होन मुझे कपडे दिए। उन्हो। मुझे लिखना पढना सिखाया। मगर इन सबसे बडी चीज यह है कि उन्होन मुझे सिखाया कि इन्सान बनना किसे कहते हैं। उन्ही के कारण मैं बोल्शेविक बना ग्रौर ग्राखिरी सास तक बोल्शेविक रहूगा। मैं खूब ग्रच्छी तरह से जानता हू कि हम किस चीज के लिए लड रहे है। हम लोग लड रहे हैं ग्रपने ही जैसे गरीबो

के लिए। हम लोग मजदूरो की हुकूमत के लिए लड रहे हैं। तुम लोग यहा बैठ चवर चवर बातें कर रहे हो। मगर तुम्हें नही मालूम कि इसी शहर के लिए लडते हुए हमारे दो सौ साथी मारे गए हैं। उन्होने अपने जीवन का बलिदान कर दिया ' जार्की की आवाज खिचे हुए तार की तरह गूज रही थी। ' उन्होने हमारे लिए, हमारे सुख के लिए हमारी खुशी के लिए हसते हसते अपनी जान दे दी । देश भर मे तमाम मोर्चों पर लोग मर रहे हैं और तुम लोग यहा बैठे हुए गाल बजा रहे हो ! साथियो !'' सभापति मडल की ओर तेजी से मुडते हुए उसने कहा 'आप लोग बेकार मे इन लोगो से बात करने म अपना वक्त जाया कर रहे है। और फिर हाल की तरफ इशारा कर बोला आप लोग समझते हैं कि य लोग आपकी बात समझेंगे ? नही ! भरा पेट कभी खाली पेट का साथी नही होता। इनमे स सिर्फ एक आदमी आगे आया है और वह इसलिए कि वह भी गरीब है, यतीम है। मगर कोई बात नही, उसने उपस्थित लोगो पर गुस्से से गरजते हुए कहा, हम लोग तुम्हारे बिना भी अपना काम चला लेंगे। हम लोग तुमसे भीख नही मांगेंगे कि आईये और हमसे शरीक होईये। जहन्नुम मे जाओ तुम लोग ! तुम लोगो से बात करने का अकेला तरीका मशीनगन है ! और इसके बाद वह मच से उतरा और बिना दायें बाए देखे सीधे दरवाजे की ओर बढा।

●●

एक शाम पावेल की मा मारिया याकोवलेवना ने खिडकी के बाहर आर्तेम के पावो की आहट सुनी। आज वह जल्दी आ रहा था। उसने धक्का देकर दरवाजा खोला और एलान किया मैं पावका का एक चिट्ठी लाया हू।'

पावेल ने लिखा था

प्यारे भाई आर्तेम यह मैं तुम्हें बताने के लिए लिख रहा हू कि मैं जिन्दा हू हालांकि मेरी हालत अच्छी नही है। मेरे कूल्हे मे गोली लगी थी लेकिन अब मैं अच्छा हो रहा हू। हुआ यह कि मैं कामरेड कोतोव्स्की की घुडसवार ब्रिगेड म भरती हो गया। कामरेड कोतोव्स्की के बारे मे तुमने जरूर सुना होगा क्योंकि वह अपनी बहादुरी के लिए

बहुत मशहूर है। अपने कमांडर के लिए मेरे मन म बहुत श्रद्धा है। क्या मा घर लौट आइ ? अगर लौट आई हो तो उन्हे मेरा प्यार देना। मैंने तुम्हें जो भी तक्लीफ दी हो, उसके लिए मुझे माफ करना। तुम्हारा भाई पावेल।

"आर्तेम, जरा जगल के वार्डेन के यहा चले जाना और वहा लोगो को इस खत के बारे म बतला देना।

पावेल की चिट्ठी सुनकर मारिया याकोवलेवना बहुत रोई। कैसा पागल लडका है, उसने अपने अस्पताल का पता भी नही दिया!

●●

दो महीने बाद पतझड के दिन आ गए।

रात की काली चादर तनी हुई थी। किंतु डिवीजन हेडक्वाटर का तार-बाबू अपने टिक टिक टिक टिक करते हुए यत्र पर झुका हुआ था और कागज के लम्बे पतले फीते साप की तरह उसकी उगलियो के इर्द-गिर्द लिपटते जा रहे थे और वह जल्दी जल्दी उनके डाटो और डशो को शब्दो और वाक्यो का रूप देता जा रहा था

"चीफ आफ स्टाफ, पहली डिवीजन। नकल शेपेतोवका इक्लाबी कमिटी के चेयरमैन को। तार को पाने के दस घटे के अन्दर अन्दर सारे सरकारी दफ्तर शहर से हटा दो। शहर म एक बटालियन रेजिमेंट के कमाडैण्ट के चाज मे छोड दो। वही इस मोर्चे के कमाडर हैं। डिवीजन हेडक्वाटर्स, राजनीतिक विभाग, सारी फौजी सस्थाए बरावेव स्टेशन मे ले जाओ। डिवीजन कमाडर को रिपोट करो कि हुक्म पूरा किया गया। (दस्तखत)

दस मिनट बाद एक मोटर साईकल इक्लाबी कमिटी के फाटक के सामने रुकी। उसका सवार जल्दी जल्दी अन्दर गया और उसने यह तार चेयरमैन दोलिनिक के हाथ म दिया। फौरन उस जगह हलचल शुरू हो गई। एक घटे बाद इक्लाबी कमिटी के माल असबाब से लदी हुई गाडिया शहर के बीच होकर पोडोल्स्क स्टेशन की ओर चल पडी।

एक मशीनगन की आवाज ने खामोशी को भग कर दिया। नये स्टेशन से एक इजन की सीटी सुनाई दी और उसके ठीक

स ताप दगने की आवाज आई। पीछे हटते हुए लाल सनिक एकदम चुपचाप और गम्भीर किसी कठोर सकल्प की मूर्ति बने, सडक पर माच करते हुए चले जा रहे थे। सर्गेई रह रह कर पीछे मुडकर औरो की तरह देखता जाता था।

अलविदा मेरे प्यारे शहर तुम जो अपनी सारी वदसूरती और गदगी के बावजूद अपने बदसूरत छोटे छोटे घरो और टेढी मेढी सडको के बाद भी हम इतने प्यारे लगते हो। विदा मेरे प्यारो। विदा विदा वालियो और मेरे साथियो जो गुप्त रूप से काम करने के लिए रुक रहे हो। बेरहम क्रूर विदेशी पोलिश ल्हादाट गाड दस्ते पास आ रहे है।

रेलवे मजदूरो ने उदास आखो से लाल फौज के सैनिको को जाते देखा।

सर्गेई ने दुखत हुए दिल स चिल्लाकर कहा, हम लोग लौट कर आयेंगे साथियो!

५ जून १६२० को बुद्योनी की पहली घुडसवार फौज दो चार छोटी मगर भयानक लडाइया के बाद तीसरी और चौथी पोलिश फौजो के बीच के पोलिश मोर्चे को चीरने म कामयाब हुई। उसने पोलिश जनरल साविकी की घुडसवार ब्रिगेड को जो उसके रास्ते में पडी थी, चकना चूर कर दिया और सैलाब की तरह रुजीनी की ओर बढी।

अपने घोडे की गर्दन पर झुका कोर्चागिन तजी म अपने साथी तोपखाने के बगल म चला जा रहा था। तोपखाने एक अचूक निशाने वाला बहादुर घुडसवार था। घोडो की नालें सडक के पत्थरो पर बज रही थी। तभी एक चौराहे पर उन्होने अपने ठीक सामने सडक के बीच एक मशीनगन को देखा। तीन पोलिश सिपाही अपनी नीली वर्दियां और आयताकार टोपिया लगाय मशीनगन पर झुके हुए थे। एक चौथा आदमी भी था जो इन घुडसवारो पर अपना माउजर ताने हुए था।

सारे घुडसवार घोडे दौडाते मशीनगन की तरफ सीधे मौत के जबडो म भागते चले गए। उस चौथे आदमी ने पावेल पर गोली चलाई, मगर निशाना चूक गया। दूसरे ही क्षण उस मशिनगनर का सिर सडक के पत्थर स जा टकराया। घोडे की टाप ने उसके पर उखाड दिए और उसका

निर्जीव शरीर चित्त होकर सडक पर बिछ गया ।

उसी वक्त मशीनगन पाशविक डरावनी तेजी से कड़कड़ाई और गोले के एक दजन छर्रे आकर तोप्ताला और उसके घोड़े को लगे और दोनो वहा जमीन पर ढेर हो गए । पावेल का घोडा डर कर हिनहिनाता हुआ जमीन पर पड़ी लाशो को फादकर मशीनगन चलाने वालो पर जा कूदा । पावेल की तलवार हवा मे आधा गोल दायरा बनाती हुई चमकी और एक नीली टोपी को चीरती हुई अन्दर घुस गई । दूसरे के सिर पर टूटने के लिए तलवार दोबारा चमकी मगर बौखलाया हुआ घोडा दूसरी ओर बहक गया ।

एक पहाडी तूफानी नदी की तरह हरहराता हुआ घुडसवार दस्ता अब सडक के दोराह पर आ गया और हवा मे बीसियो तलवारें चमक रही थी ।

जेल के तग लम्बे गलियारो मे आवाजें गूज रही थी ।

पावेल एक बद कोठरी की ओर दौडा जिसमे ताला लगा हुआ था । इस कोठरी की नन्ही सी खिडकी से दजनो आँखें बेताबी से झाक रही थी । पावेल अपनी राइफ्लि के कुदे मे बार बार ताले पर चोट मार रहा था ।

'साथियो, तुम लोग आजाद हो । हम बुद्योनी के आदमी हैं । हमारे डिविजन ने शहर पर कब्जा कर लिया है ।" कोठरी के दरवाजे को धक्का देकर खोलते हुए पावेल ने ऊचे स्वर मे घोषणा की ।

इन पाच हजार एकहत्तर बोल्शेवको और लाल सेना के दो हजार राजनीतिक कर्मियो की—जिन्हें पोलिश क्राति विरोधियो ने इन पत्थर के तहखानो मे गोली मारने या फासी चढाने के लिए बद कर रखा था, आजादी ही इस डिवीजन के सैनिको के लिए सबसे बडा पुरस्कार था । उन सात हजार क्रातिकारियो के लिए रात्रि का अभेद्य अधकार दिन के सुनहले प्रकाश मे बदल गया । एक बँदी, जिसकी खाल नीबू की तरह पीली थी, खुशी से पागल होकर पावेल की ओर दौडा । यह था सैमुअल लेखर—शेपेतोवका के प्रेस का एक कम्पोजीटर ।

सैमुअल से अपने शहर की खून मे डूबी कहानी सुनकर पावेल का चेहरा मुरझा गया और सैमुअल के शब्द पिघले हुए सीसे की बूदो की

तरह उसके दिल का जला रह थे।

लडाई के तूफानी भवर मे बहते हुए पावेल को इस बात का एहसास ही न रहा कि दिन कैसे आता है और कैसे बीत जाता है। उसका व्यक्तित्व समूह मे खो गया और दूसरे सिपाहियो की तरह उसके लिय भी "मैं" शब्द बाकी न बचा। उसके लिए बस एक शब्द था "हम," हमारी रेजिमेंट, हमारा दस्ता हमारी ब्रिगेड।

घटनाए तूफानी वेग म घटित हो रही थी। हर रोज कोई-न कोई नई बात हुआ करती। इन्ही तूफानी दिनो मे पावेल की मुलाकात नावोग्राद वोलिन्स्की स्टेशन पर बड़े भाई आर्तेम से इतन अप्रत्याशित ढग से हुई कि कुछ क्षण के लिए दोनो भाई अवाक रह गये।

'पावका! बदमाश! तू है! आर्तेम चिल्लाया जैसे उसे अपनी आखो पर इस नव उम्र लाल सिपाही को देखकर यकीन ही न आ रहा हो। उसके हाथ स तेल की कुप्पी छूट पडी जिससे अभी अभी वह इजन के बीच वाल पहिये म तेल दे रहा था और उसने पावेल को बाहो म इस तरह भर लिया जैसे कोई बडा-सा भालू किसी को अपनी बांहो मे भर ले।

बख्तरबन्द गाडी के कमांडर जिसके पास पावेल अपने ब्रिगेड कमाडर का सदेश लेकर आया था और कई तोपची वही पास ही खडे उनको देख रहे थ और खूब प्रसन्न होकर मुस्करा रहे थे।

यह घटना लवाव के इलाके म हुई एक लडाई के दौरान १९ अगस्त को घटी। लडाई के वक्त पावल की टोपी गायब हो गई और उसने अपन घोडे की रास खीची। अगल दस्ते पोलिश फौजो को काटत हुए उनकी पाता म घुस चुके थे। उसी वक्त नदी की ओर जान क अपने रास्त म झाडियो के बीच स घोड़े को सरपट दौडाता हुआ देमीदाव आया। पावल की बगल स हवा की तजी स गुजरत हुए चिल्लाकर उसन कहा 'डिवीजन कमाडर मारे गय!

पावल चौक पडा। लेतुनोव उसका बहादुर कमाडर, वह अनोखा वीर मारा गया! पावल गुस्स म पागल हो उठा। उसने घोडे को एड लगाई और सबको चीरता हुआ उस जगह जा पहुचा जहां सबसे सबस

गर्म थी।

'मार डालो इन घिनौने कीड़ों को, मार डालो! इन पोलिश नवाबों को काटकर रख दो। इन्होंने लतुनोव को मारा है!" चिल्लाते हुए उसने हरा वर्दी पहने एक आदमी पर जोर से तलवार का वार किया। अपने डिवीजन कमांडर की मौत से गुस्से में आकर उन घुड़सवारों ने पोलिश सिपाहियों की एक पूरी प्लाटून का सफाया कर दिया।

दुश्मन का पीछा करते हुए वे लड़ाई के मैदान में सरपट आगे भागे जा रहे थे तभी एक पोलिश तोप आग उगलने लगी। उसके गोलों ने हवा को चीर दिया और चारों ओर मौत की बरसात होने लगी।

एकाएक पावेल की आंखों के आगे कोई हरी सी चीज इतने जोर से चमकी कि उसने पावेल को अंधा कर दिया, उसके कानों में बिजली की कड़क का-सा शोर हुआ और लाल-लाल लोहा उसकी खोपड़ी को चीरता हुआ अन्दर चला गया।

फूस के तिनके की तरह पावेल घोड़े की पीठ पर से नीचे आ गिरा। गोले की मार से वह घोड़े के सिर के ऊपर से धरती पर बोरे की तरह भद्द से गिर पड़ा।

तभी काली रात घिर आई।

••

फौजी अस्पताल की छोटी डाक्टर नीना ब्लादिमिरोवना अपने कमरे में एक छोटी मेज के सामने बैठी हुई थी और अपनी मोटी, हल्के गुलाबी और पीले रंग की नोटबुक के पन्ने उलट रही थी। उसमें साफ सुथरी तिरछी लिखावट में यह लिखा हुआ था १४ अक्तूबर।

आज कोर्चागिन को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उसने बड़े स्नेही और आत्मीय व्यक्ति की तरह मुझ से विदा ली। उसकी आंख पर से पट्टी अलग कर दी गई है और अब सिर्फ उसका सिर बंधा है। उस आंख में रोशनी नहीं है मगर देखने में उसमें कोई गड़बड़ नजर नहीं आती। ऐसे प्यारे नौजवान साथी से विदा होते समय बहुत दुख हुआ।

जाते जाते वह बोला "कितने दुख की बात है कि चोट बायीं आंख में नहीं लगी। अब मैं गोली कैसे चलाऊंगा?"

वह अब भी मोर्चे के बारे में सोचता रहता है।

अस्पताल से निकलने पर पावेल कुछ रोज बुरानोव्स्की के यहा रहा जहा तोनिया ठहरी हुई थी।

पावेल ने फौरन तोनिया को कोमसोमोल के काम में खीचने की कोशिश की। किंतु शीघ्र ही उसे पता चल गया कि ठाठ-बाट से रहने वाली तोनिया मैले कुचैले कपडे पहनने वाले उसके गरीब साथियो म नही रह सकेगी। दोनो म झगडा रहने लगा।

दोनो ने समझ लिया कि सबध विच्छेद अब अनिवार्य है।

वह शाम उनकी दोस्ती के खातम की शुरुआत की शाम थी। डूबते हुए सूरज की किरणो को देख तोनिया गहरी व्यथा के स्वर म बोली

हमारी दोस्ती क्या इसी डूबते हुए सूरज की तरह डूब जायेगी ?

